भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 628
गुरुवार, 07 दिसम्बर, 2023/16 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन परियोजनाएं

628 **श्री धनंजय भीमराव महादिक**:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) महाराष्ट्र में विगत पांच वर्षों के दौरान अनुमोदित, संस्वीकृत और निष्पादित की गई पर्यटन संबंधी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए आबंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;
(ग) उपरोक्त परियोजनाओं की वजह से सृजित की गई/सृजित किए जाने के लिए प्रस्तावित रोजगार क्षमता का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार महाराष्ट्र, जहां पर्यटन क्षेत्र की अपार संभावनाएं हैं, में पर्यटन का विकास करने में विफल रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) सरकार द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन के विकास के लिए कौन-कौन से सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकार/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक और गंतव्य केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है।

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 1.0, प्रशाद और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं, जारी की गई राशि और उपयोग की गई राशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इन परियोजनाओं के कारण सृजित रोजगार क्षमता के बारे में कोई औपचारिक अध्ययन नहीं किया गया है। तथापि पर्यटन के कारण सृजित अनुमानित नौकरियाँ निम्नानुसार हैं:-

	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22

पर्यटन प्रत्यक्ष+ अप्रत्यक्ष नौकरियाँ (मिलियन)	72.69	75.85	69.44	68.07	70.04
अर्थव्यवस्था में कुल नौकरियाँ (मिलियन)	491.98	510.25	514.25	527.25	553.27
प्रत्यक्ष+ अप्रत्यक्ष हिस्सेदारी (%)	14.78	14.87	13.50	12.91	12.66

स्रोत: आवधिक श्रमशक्ति सर्वेक्षण डाटा के संबंधित दौरों का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) की गणना।

****

अनुबंध

श्री धनंजय भीमराव महादिक द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 07.12.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 628 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड़ रुपए में)**

क्र. सं.	राज्य	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि
1.	महाराष्ट्र	तटवर्ती परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटवर्ती परिपथ- सागरेश्वर, तरकर्ली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभाव का विकास	19.06	18.11	16.45
2.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी - अडासा - धापेवाडा - परदसिंघा - तेलंखंडी - गिराड का विकास	53.96	32.04	29.64

प्रशाद योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र.सं.	राज्य	परियोजना का नाम	संस्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि
1.	महाराष्ट्र	त्रियंबकेश्वर, नासिक का विकास	2017-18	52.92	29.85	27.32

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना
(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	प्राप्त उपयोगिता प्रमाण-पत्र
2014-15						
1.	विभिन्न राज्य	ग्लास टॉप कोच का निर्माण: • काजीगुंड और बारामूला, जम्मू और कश्मीर • विजाग-अराकू घाटी विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश • दादर-मडगांव रूट (मुंबई से गोवा)	रेल मंत्रालय	12.00	12.00	12.00
2016-17						
2.	महाराष्ट्र	एक पर्यटक गंतव्य के रूप में	मुम्बई	15.00	15.00	15.00

		कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता	पोर्ट ट्रस्ट			
3.	महाराष्ट्र	नांदेड़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	5.18	2.59	3.12
2017-18						
4.	महाराष्ट्र	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण।	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	12.50	12.50	12.50
5.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	5.71	2.85	1.06
2021-22						
6.	महाराष्ट्र	इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	37.50	30.00	30.00

****